कुलसचिव
**Registrar**

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ,
वाराणसी–2
दूरभाष– 0542 2221718
**Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith**
**Varanasi-2**
**Tel. No.- 0542 222689**

पत्रांक : कु0स0–2B.स0अ0/2478 /04–488–2017/2017

दिनांकः 22 **जून, 2017**

सेवा में,

**प्रबंधक,**
विन्ध्य गुरूकुल कालेज फॉर वूमेन्स,
गोसाईपुर, सक्तेशगढ़, चुनार,
मीरजापुर।

**विषय : महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत समाजशास्त्र, हिन्दी, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी एवं राजनीतिशास्त्र विषयों के संचालन हेतु सम्बद्धता की अनुमति के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आप द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव दिनांक **27.05.2017** के सन्दर्भ में सूच्य है कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अधिनियम 2014 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या–14 सन् 2014) एवं तद्विषयक विधायी अनुभाग–1 द्वारा निर्गत अधिसूचना संख्या–975/79–1–14–1(क)/19/2014 दिनांक 18 जुलाई, 2014 द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम–1973 की धारा–37 एवं 38 में किए गये संशोधन के अनुसार महाविद्यालयों को सम्बद्धता देने का अधिकार उत्तर प्रदेश शासन के स्थान पर विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में अन्तरित/निहित किए जाने के फलस्वरूप सम्बद्धता प्रस्तावों के निस्तारण हेतु शासनादेश संख्या–2527/सत्तर–2–2008–2(166) 2002 दिनांक 10 जून, 2008 के अधीन गठित सम्बद्धता समिति की बैठक दिनांक **22.06.2017** की संस्तुति एवं मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार कार्यपरिषद की स्वीकृति की प्रत्याशा में **विन्ध्य गुरूकुल कालेज फॉर वूमेन्स, गोसाईपुर, सक्तेशगढ़, चुनार, मीरजापुर** को स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत **समाजशास्त्र, हिन्दी, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी एवं राजनीतिशास्त्र** विषयों की **'प्रपत्र बी' में इंगित कमियों यथा** अग्निशमन का अद्यतन **प्रमाण, अधिशासी** अभियन्ता का प्रमाण पत्र, याचित विषय में प्रवक्ताओं का चयनोपरान्त अनुमोदन शेष होने के दृष्टिगत रखते हुए अस्थायी सम्बद्धता **दिनांक 01.07.2016** से आगामी **तीन वर्ष** हेतु अधोलिखित शर्तों के अधीन प्रदान **की** जाती है:–

1. **महाविद्यालय एक माह के अन्दर अग्निशमन का अद्यतन प्रमाण, अधिशासी अभियन्ता का प्रमाण पत्र, प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं का अनुमोदनोपरान्त कार्यभार ग्रहण कराकर वेतन भुगतान का प्रमाण प्रस्तुत करेगा।**
2. **संस्था द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (यथा संशोधित) की धारा 37 (2) में प्राविधानित परन्तुक के अनुसार सम्बद्धता प्राप्ति की तिथि से एक माह की अवधि में सभी निर्धारित मानकों को पूर्ण कर लिया जायेगा अन्यथा अगले शैक्षणिक सत्र में छात्रों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।**
3. **महाविद्यालय सशर्त सम्बद्धता आदेश में इंगित कमियों की पूर्ति कर लेगा एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव को 15 अगस्त तक इस आशय का प्रमाणपत्र प्रतिवर्ष प्रेषित करेगा कि महाविद्यालय सम्बद्धता की शर्ते निरन्तर पूरी कर रहा है।**
4. **महाविद्यालय शासनादेश संख्या–2851/सत्तर–2–2003–16 (92)/ 2002, दिनांक 02 जुलाई, 2003 में उल्लिखित सुसंगत दिशा–निर्देशो एवं इस विषय में समय–समय पर निर्गत अन्य शासनादेशों का पालन करेगा।**
5. **रिट याचिका सं0–61859/2012 में पारित आदेश दिनांक 20.12.2012 के अनुपालन हेतु मानकानुसार शिक्षकों के अनुमोदन/नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश संख्या–522/सत्तर–2–2013–2 (650)/2012 दिनांक 30 अप्रैल, 2013 का अनुपालन महाविद्यालय द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।**

.........2

6. यदि संस्था द्वारा विश्वविद्यालय की परिनियमावली/अध्यादेश में वर्णित तथा शासन एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शर्तो एवं मानकों की पूर्णता तथा उनकी निरन्तरता को सुनिश्चित नहीं किया जायेगा तो उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 के प्राविधानों के अंतर्गत संस्था को प्रदान की गयी सम्बद्धता वापस लिये जाने की कार्यवाही नियमानुसार की जायेगी।
7. महाविद्यालय द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के साथ संलग्न किये गये अभिलेख भविष्य में इतर पाये जाने की स्थिति में सम्बंधित महाविद्यालय की सम्बद्धता के सम्बन्ध में कार्यपरिषद को तत्काल सूचित किया जायेगा जिसके लिए महाविद्यालय प्रबंधन पूर्णतः उत्तरदायी होगा।
8. सम्बद्धता आदेश में उल्लिखित शर्तो को महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा पूर्ण नहीं किये जाने पर सम्बद्धता वापस लेने हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रकरण कार्यपरिषद को संदर्भित किया जायेगा।
9. उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (यथा संशोधित उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय द्वितीय संशोधन अधिनियम 2014) की धारा—37(6), 37 (7) तथा 37 (8) में प्राविधानित अधोलिखित प्राविधान भी प्रभावी होंगे:—

37(6) :—कार्य परिषद प्रत्येक सम्बद्ध महाविद्यालय का निरीक्षण, उस निमित्त उसके द्वारा प्राधिकृत एक या अधिक व्यक्तियों द्वारा पांच वर्ष से अनधिक के अन्तराल पर समय—समय पर करायेगा और उस निरीक्षण की रिपोर्ट कार्यपरिषद को दी जायेगी।

37(7) :—कार्य परिषद इस प्रकार निरीक्षण किये गये सम्बद्ध महाविद्यालय को ऐसी कार्रवाई करने का निर्देश कर सकेगी जो उसे उस अवधि के भीतर जिसे विहित किया जाये आवश्यक लगे।

37(8) :—कार्य परिषद द्वारा किसी ऐसे महाविद्यालय की सम्बद्धता का विशेषाधिकार जो उपधारा (7) के अधीन कार्य परिषद के किसी निदेश का अनुपालन करने में अथवा सम्बद्धता की शर्तो को पूरा करने में असफल हो महाविद्यालय के प्रबंधतंत्र से उस विषय पर रिपोर्ट लेने के बाद परिनियमों के उपबन्धों के अनुसार वापस लिया जा सकेगा या कम किया जा सकेगा।

उक्त प्राविधानों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी और शासन को रिपोर्ट प्रेषित की जायेगी।

10. महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा कमियों को पूर्ण करने के सम्बन्ध में एक सप्ताह के अन्दर इस आशय का 100/— रूपये के नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत किया जायेगा कि सम्बद्धता आदेश में प्रदर्शित कमियों को एक माह में पूर्ण न करने एवं भविष्य में मानकों के विपरीत महाविद्यालय का संचालन पाये जाने व अभिलेखों की अप्रमाणिकता प्रकाश में आने पर यह अनुमति स्वतः निरस्त मानी जायेगी।

भवदीय,

कुलसचिव

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही :—</u>

1— मा0 कुलपति जी को सादर सूचनार्थ।
2— विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग—6, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3— सहायक कुलसचिव (समिति) को इस आशय से कि कृपया कार्यपरिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत कर स्वीकृति प्राप्त करें।
4— परीक्षा नियंत्रक को इस आशय से कि उपर्युक्त <u>शर्तो का अनुपालन किये जाने के उपरान्त ही आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र से सम्बन्धित कार्यवाही प्रारम्भ किया जाना सुनिश्चित करें।</u>
5— क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी।

कुलसचिव

कुलसचिव
**Registrar**

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ,
वाराणसी–2
दूरभाष– 0542 2222689
**Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith**
**Varanasi-2**
**Tel. No.- 0542 2222689**

पत्रांक : कु0स0–2 B स0अ0/2915 /04–488–2017/2018,  दिनांकः 18 अप्रैल, 2018

सेवा में,

**प्रबंधक,**
विन्ध्य गुरूकुल कालेज फॉर वूमेन्स,
गोसाईपुर, सक्तेशगढ़ चुनार,
मीरजापुर।

विषय : **महाविद्यालय संचालन हेतु सम्बद्धता की अनुमति के संशोधन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के **पत्रांक–कु0स0–2 B स0अ0/2478/04–488–2017/2017 दिनांक 22 जून, 2017** द्वारा विन्ध्य गुरूकुल कालेज फॉर वूमेन्स, गोसाईपुर सक्तेशगढ़, चुनार मीरजापुर को स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत समाजशास्त्र, हिन्दी, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी एवं राजनीतिशास्त्र विषयों में प्रदत्त सम्बद्धता आदेश में कार्यालयीय त्रुटि से अंकित अस्थायी सम्बद्धता **"दिनांक 01.07.2016 से तीन वर्ष"** के स्थान पर **"दिनांक 01.07.2017 से तीन वर्ष"** हेतु संशोधित रूप में पढ़ा जाय।

भवदीय,

कुलसचिव

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–**

1. वै0स0, कुलपति –मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. सचिव, उच्च शिक्षा उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।
3. निजी सचिव, मा0 उच्च शिक्षा मंत्री जी।
4. निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
5. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी।
6. सम्बंधित पत्रावली।

कुलसचिव